न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर खैरथल–तिजारा (राजस्थान)

अपील संख्या 12/03/2025 रजि० नं0 2025/10 प्रवेश तिथि 04.03.2025

अपीलार्थी :–	प्रत्यर्थी :–
धर्मपाल पुत्र राजबीर सिंह निवासी ग्राम चिरूनी, पीपली तहसील मुण्डावर जिला खैरथल–तिजारा (राजस्थान)	राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी मुण्डावर जिला खैरथल–तिजारा (राजस्थान)

अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

–: निर्णय :– दिनांक 26.03.2025

1– अपीलार्थी ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 (संक्षेप में अधिनियम, 2005) की धारा–6 (1) के अन्तर्गत राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी मुण्डावर जिला खैरथल–तिजारा (राजस्थान) को प्रथम आवेदन पत्र ऑनलाईन कंमाक 448516524100523 प्रस्तुत कर प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यो पर सूचना चाही गई, जो उन्हें उपलब्ध नहीं कराई गई। अतः वांछित सूचना उन्हे दिलवाई जावें।

2– अपीलार्थी द्वारा अपील पेश कर निवेदन किया है, कि राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी मुण्डावर जिला खैरथल–तिजारा (राजस्थान) द्वारा अपेक्षित सूचना उपलब्ध नहीं करवाई, सूचना उपलब्ध करवाई जावें।

3– अपील प्राप्त होने पर दर्ज रजिस्टर की जाकर वाँछित सूचना नहीं दिए जाने के संबंध में राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी मुण्डावर जिला खैरथल–तिजारा (राजस्थान) से जरिये नोटिस कंमाक 218 दिनांक 05.03.2025 से जवाब तलब किया गया, एवं अपीलार्थी को नोटिस जारी कर, यदि वह सुनवाई हेतु उपस्थित होना चाहता है, तो दिनांक 17.03.2025 को उपस्थित आवें। नियत तिथी को अपीलार्थी उपस्थित नही हुआ।

4– राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी मुण्डावर जिला खैरथल–तिजारा (राजस्थान) ने जर्ये पत्र कंमाक 481–82 दिनाक 20.03.2025 के द्वारा जवाब पेश करते हुए एक प्रति अपीलार्थी को भी भिजवायी गयी है, जिससे स्पष्ट है, कि अपीलार्थी के प्रथम आवेदन पत्र ऑनलाईन कंमाक 448516524100523 में वर्णित सूचनाऐ उपलब्ध करायी गयी है। उक्त कंम में विधिक प्रावधानो की पालना की गयी है।

5– पत्रावली का अवलोकन किया। राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी मुण्डावर जिला खैरथल–तिजारा (राजस्थान) द्वारा सूचना प्रेषित कि गयी है। अपील अपीलार्थी खारिज किये जाने योग्य है।

6– अतः अपील अपीलार्थी खारिज की जाती है। निर्णय की प्रमाणित–प्रति अपीलार्थी एवं प्रत्यर्थी को भिजवाई जायें। पत्राबली फैसल शुमार हो नम्बर से कम की जाकर बाद तकमील दाखिल रिकार्ड हो।

7– आज दिनांक 26.03.2025 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(शिवपाल जाट)
अतिरिक्त जिला कलक्टर
खैरथल–तिजारा (राज0)

अतिरिक्त जिला कलक्टर
खैरथल-तिजारा

जिला कलक्टर खैरथल-तिजारा (राज0)
सत्यमेव जयते

Scanned with CamScanner